समाधान — जनता दरबार मे दिख रही रौनक, आम जनमानस की समस्याओ का त्वरित मे हो रहा समाधान

# पूर्व मंत्री और नपा अध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

**नवभारत, वारासिवनी।** नगर पालिका परिषद के अभिनव प्रयोग जनता दरबाद के आज मंगलवार के दुसरे एपीसोड मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने विभिन्न वार्डो से आये नागरिको की मूलभूत से लेकर व्यापक समस्याओ के समाधान के विषय मे गंभीरता दिखायी। साथ ही अनेको अवसरो पर अधिकारीयो को नपा अधिनियम क्या कहता है जैसे आदेश भी प्रदान कर जनता की सुविधाओ को प्राथमिकता प्रदान की गयी।



सबसे पहले पिछले मंगलवार के जनता दरबार मे लिखी गयी समस्याओ के सबंध मे समीक्षा की गयी। विशेष यह भी रहा की आज 12 बजे के पहले ही चार आवेदन नपा अध्यक्ष की टेबल पर सामने रखे हुये मिले। आज भी वार्ड तीन से पार्षद प्रतिनिधी समीर बिसेन ने वार्ड मे नाली की सफाई से लेकर सडक निर्माण के साथ प्लास्टिक कोटेड स्पीड ब्रेकर बनाने के विषय को सामने रखा। जिसमे उन्हे वार्ड वासी समाधान का आश्वासन भी प्रदान किया गया।

इसी तरह नयी चैपाटी की नाली की सफाई के साथ नाली चेंबर निर्माण के साथ पानी को आगे दूर तक व्यवस्थित रूप से पहुचाने की कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाया गया। इसी बीच शासकीय कालेज के पास शंकर नगर से पहुची महिलाओ की टीम ने बरसात के पूर्व पक्की सडक की मांग रखी। जिस पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक दिशा निर्देश उपयंत्री सुमीत मोटवानी को प्रदान किये गये।

साथ ही बार बार उठने वाले विषय आंबेडकर चैक के निकट मिटटी के बर्तन के व्यवसायी कुम्हार वर्ग को नयी जगह प्रदान करने के विषय मे निर्णय लिया गया। जिसमे दो जगहो का चयन भी किया गया। जिसमे कुम्हारो की सहमती को आवश्यक तय किया गया। इस विषय के समाधान के लिये पार्षद संदीप मिश्रा और मुख्य नपा अधिकारी को अधिक्रत भी किया गया।

आज जनता दरबार मे विभिन्न वार्डो मे गर्मी के मौसम मे पेयजल की दिक्कत को लेकर सबसे ज्यादा गंभीरता दिखायी गयी। जिसमे वार्ड नंबर 6 भी शामिल है। दरबार मे जल प्रदाय शाखा, टेंकर और फायर बिग्रेड की टीम को तलब कर इस विषय पर पुख्ता कार्ययोजना तैयार की गयी। साथ ही सार्वजनिक नलो की टोटी का बार बार चोरी हो जाना, भवन निर्माण की अनुमती, वार्डो के लिये नये सर्वसुविधायुक्त रेडिमेड स्पीड ब्रेकर को बुलाना जैसे अनेको विषयो मे जनमानस की समस्याओ का लंबे समय तक समाधान किया गया।



## डॉ महेश कुमार चांडक को मिली नई उपलब्धि

**बालाघाट।** गांधीगंज व्यापारी मंडल के पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय अधिमान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार माहेश्वरी समाज छिंदवाड़ा के अध्यक्ष एवं वर्तमान में जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में अपना कार्यकाल पूर्ण करने वाले वरिष्ठ न्यायिक सदस्य जज डॉ महेश कुमार चांडक को मध्यप्रदेश माननीय हाई कोर्ट जबलपुर द्वारा आगामी नई नियुक्ति तक के लिए उन्हें कार्यभार करने के आदेश दिए है 29 अप्रैल 2026 को पुन: नए कार्यकाल की शुरुआत जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में उसी पद पर की है हम सब गौरवान्वित है।

## रोजगार सहायक को हटाया जाए, नहीं आते पंचायत

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट कलेक्ट्रेट में मंगलवार को हंगामेदार स्थिति रही, जहां दो अलग-अलग मामलों को लेकर लोगों ने प्रशासन को घेरा। डोंगरिया पंचायत के प्रतिनिधियों ने जहां रोजगार सहायक को हटाने की मांग को लेकर सामूहिक इस्तीफे की धमकी दी, वहीं जनजातीय कार्य विभाग के कर्मचारियों ने महीनों से रुके वेतन (मानदेय) के लिए आवाज उठाई।




डोंगरिया पंचायत के उपसरपंच दयाराम बाजनघाटे और अन्य पंचों का आरोप है कि रोजगार सहायक धनराज बाजनघाटे पिछले कई महीनों से पंचायत ही नहीं आ रहे हैं। इस वजह से गांव के सरकारी काम और लोगों की योजनाएं पूरी तरह ठप पड़ी हैं।

पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि वे गणतंत्र दिवस पर ही उसे हटाने का प्रस्ताव पास कर चुके हैं, लेकिन अफसर सुन नहीं रहे। अब उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 2 दिन में कार्रवाई नहीं हुई, तो 8 मई को सरपंच और सभी पंच एक साथ अपना इस्तीफा प्रशासन को सौंप देंगे।

दूसरी तरफ, जनजातीय कार्य विभाग के अंशकालीन कर्मचारी अपने मानदेय के लिए भटक रहे हैं। संघ के जिलाध्यक्ष संतोष चौधरी ने बताया कि इन कर्मचारियों को सिर्फ 5 हजार रुपए महीना मिलता है, लेकिन पिछले 7-8 महीनों से फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है।

कर्मचारियों का कहना है कि इतनी महंगाई में बिना पैसों के घर चलाना नामुमकिन हो गया है। उन्होंने साफ लहजे में कहा है कि अगर जल्द भुगतान नहीं हुआ, तो वे काम बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे।

## देवी तालाब में विधायक ने चलाया सफाई अभियान

**नवभारत, बालाघाट।** नगर के नागरिक भाइयों बहनों , जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट , बालाघाट नगर पालिका परिषद कांग्रेस पार्षद दल के साथ बालाघाट विधानसभा की विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने सयुक्त रूप से शहर के देवी तालाब में श्रमदान सफाई अभियान किया गया।



इस अभियान का एकमात्र उद्देश्य तालाब की स्वच्छता,सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। यह पहल शहर की धार्मिक,सांस्कृतिक धरोहर देवी तालाब को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम साबित हो रहा हैं,आप सभी भी इस मुहिम के साक्षी बने।

## शराब पीने वालों का फूल माला पहनाकर स्वागत, वसूला जुर्माना

▶ गांव के व्यक्ति पर 5000 और बाहरी पर 1500 का जुर्माना, महिलाएं बोलीं- 'आंदोलन और उग्र होगा

**नवभारत, कटंगी।** थाना क्षेत्र के अनेक ग्रामीण अंचलों में नशे के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने नशे के खिलाफ समझाइश, रैली और धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में कटंगी के समीप ग्राम पंचायत सेलवा में महिला मंडल समूह द्वारा शराबबंदी को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।




**5 दिनों से दुकान के सामने धरने पर बैठीं महिलाएं-** शराब दुकान के स्थान परिवर्तन की मांग को लेकर महिलाएं पिछले पांच दिनों से दुकान के सामने पंडाल लगाकर सुबह 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक धरने पर बैठी हैं। महिलाओं का कहना है, ट्ठ 'हमारा गांव नशे की लत में डूब चुका है। हमें गांव को सुधारना है और बचाना है, आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना है। 'ट्ठ इस दौरान वे लोगों को समझाइश दे रही हैं कि शराब सेहत और परिवार दोनों के लिए हानिकारक है।

**फूल माला से स्वागत, फिर जुर्माना-** आंदोलन के अनोखे तरीके के तहत महिलाएं शराब लेने आ रहे व्यक्तियों का फूल माला पहनाकर स्वागत कर रही हैं और साथ ही समझाइश दे रही हैं, ट्ठ 'समझ जाओ, शराब बहुत हानिकारक है, आपका और आपके परिवार का नाश कर देगी। वहीं नियम तोड़ने वालों पर सख्ती भी बरती जा रही है। गांव में और शराब दुकान के आसपास शराब पीते पाए जाने पर गांव के व्यक्ति से 5000 रुपये और दूसरे गांव के व्यक्ति से 1500 रुपये जुर्माना वसूला जा रहा है।

**जब तक दुकान नहीं हटेगी, हम नहीं हटेंगे**
लगातार पांचवें दिन भी महिलाओं का आंदोलन जारी रहा। उन्होंने दो टूक कहा, ट्ठ 'हमारा आंदोलन चालू रहेगा, हम उठने वाले नहीं हैं। जब तक यहां से शराब दुकान नहीं हटेगी, हम भी इस स्थान से नहीं हटेंगे। शासन-प्रशासन को आना पड़ेगा, हमारी बात सुननी पड़ेगी। नहीं तो यह आंदोलन और उग्र होगा।



## ग्राम दिग्धा में टीम ABYF ने किया प्याऊ का उद्घाटन

▶ भीषण गर्मी में राहगीरों को मिलेगी राहत, बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय में शुरू हुई शीतल जल सेवा

**नवभारत कटंगी।** पठार अंचल के ग्राम दिग्धा में अखिल अम्बेडकरवादी बुद्धिस्ट यूथ फेडरेशन ने जनसेवा की मिसाल पेश की है। भीषण गर्मी को देखते हुए टीम ने गांव के बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों एवं राहगीरों के लिए सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की है।

### प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य


ग्राम के जागरूक युवाओं की टीम ने कहा कि मई की तपती गर्मी में आम लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पीने का पानी मिल सके, इसके लिए यह पहल की गई है। अब बस का इंतजार कर रहे यात्रियों और राहगीरों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्याऊ में मटकों में शीतल जल की व्यवस्था की गई है, जिस पर ABYF' अंकित है।

**इन युवाओं का रहा सराहनीय योगदान**

इस पुनीत एवं नेक कार्य को सफल बनाने में कुणाल मेश्राम, मोहित रामटेके, मनीष बागड़े, जनपद सदस्य नितेश पुष्पतोड़े, प्रियांशु जगजीवन, देवेंद्र गहाने, अभिषेक गाहने, वंश शेंडे, हरीश टेकचंदानी, संतोष ठाकरे, घमेंद्र राहंगडाले, धर्मानंद भोंडे, कृष्णा गाहने, चकरू कारसर्पे एवं अखिल घरडे का सराहनीय योगदान रहा। ग्रामीणों ने टीम ABYF के इस कदम की जमकर सराहना की है। लोगों ने कहा कि युवाओं की ऐसी सामाजिक पहलें दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनती हैं। टीम ने भरोसा दिलाया कि गर्मी भर प्याऊ में नियमित रूप से शीतल जल भरते रहेंगे।

## साहित्यकार दिवस पर सम्मानित हुए डॉ . जितेन्द्र कुमार सिंह संजय

**नवभारत, बालाघाट।** ' प्रबंध सुधाकर ' के प्रकाशक- प्रणेता सुप्रसिद्ध संमीक्षक,समालोचक साहित्य मनीषी डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय को विगत दिवस साहित्यकार दिवस के उपलक्ष्य में सतना में आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार और समारोह के मुख्य अतिथि पं. सुधाकर शर्मा ने शॉल,माल और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया है!



बड़हर - देवगढ़ के राजवंश में उत्पन्न राजा जितेन्द्र कुमार सिंह संजय को उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न प्रदेशों में सम्मानित किया जा चुका है! श्री राम की अयोध्या और प्रयागराज में हाल ही में सम्पन्न हुए महाकुंभ पर जितनी सूक्ष्म दृष्टि से संजय जी ने अन्वेषणात्मक ग्रंथों को साहित्य जगत को सोंपा है,वह श्लाघनीय है! इसके अतिरिक्त संजय जी ने ' उत्तर प्रदेश का स्वतंत्रता संग्राम ' के विविध जिलों का दुर्लभ इतिहास जिस शोधात्मक क्षमता से उकेरा है,वह भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है! उदयपुर राजस्थान में आयोजित सम्मान समारोह में भी आपको कुम्भा सम्मान से विभूषित किया गया है! हिंदी संस्थान उत्तर प्रदेश के अनेक शासकीय सम्मान भी राजा जितेन्द्र कुमार सिंह संजय प्राप्त कर चुके हैं! पं. सुधाकर शर्मा ने बताया कि डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय ने माँ भारती के भंडार को जो अमोल ग्रंथ अर्पित किए हैं,वह आश्चर्य जन्य और श्लाघ्य हैं! मोदी जी,योगी जी सहित अनेक शीर्ष राजनेताओं ने भी डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय की अमोघ साहित्यिक सेवाओं को दृग्गत कर सम्मानित किया है।

ज्ञातव्य है कि डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय ने बालाघाट के साहित्यकार पं. सुधाकर शर्मा के प्रबंध काव्यों का शास्त्रीय विश्लेषण करते हुए साहित्य जगत में पं. सुधाकर शर्मा को प्रतिष्ठित किया है।

## बालाघाट की बेटियों का राष्ट्रीय मंच पर परचम वैज्ञानिक प्रदर्शनी में शानदार सफलता

**नवभारत, बालाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा गुंजन बोपचे और यामिनी ठाकुर ने विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

देशभर में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 से 10 अप्रैल 2026 तक केंद्रीय विद्यालय गणेशखंड पुणे में राष्ट्रीय स्तर की बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित आयोजन में केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय मंच पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट की छात्रा गुंजन बोपचे ने क्लस्टर, क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर तक अपनी जगह बनाई।





सेमिनार इवेंट में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे जिले को गौरवान्वित किया। वहीं, छात्रा यामिनी ठाकुर ने 'सस्टेनेबल एग्रीकल्चर' विषय पर आधारित अपना नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किया। उनके मॉडल ने पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक कृषि के क्षेत्र में नई संभावनाओं को उजागर किया। उन्होंने भी क्लस्टर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम बताया।

उन्होंने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। यह सफलता दर्शाती है कि बालाघाट जैसे क्षेत्र के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में सक्षम हैं और भविष्य में भी ऐसे ही नए आयाम स्थापित करते रहेंगे।

पहल — रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल की पहल

# शहर के 5 प्रमुख स्थानों पर प्याऊ स्थापित, भीषण गर्मी में आमजन को मिल रही राहत

**नवभारत, बालाघाट।** बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए आम नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर शीतल पेयजल (प्याऊ) सेवा प्रारंभ की गई है। क्लब की इस सेवा भावना से प्रेरित पहल के अंतर्गत शहर के 5 प्रमुख एवं अत्यधिक भीड़भाड़ वाले स्थानों—अंबेडकर चौक, कालीपुतली चौक, जिला सत्र न्यायालय परिसर, इतवारी गंज एवं श्याम मॉल के सामने—प्याऊ स्थापित किए गए हैं।




इन स्थानों का चयन विशेष रूप से इस आधार पर किया गया है कि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में राहगीर, श्रमिक, व्यापारी, विद्यार्थी एवं ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोग आते-जाते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर क्लब ने एक अत्यंत उपयोगी एवं जनहितकारी पहल की है।

विशेष बात यह है कि इन सभी प्याऊ केंद्रों पर आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आरओ पानी के केन रखे जा रहे हैं, जिससे लोगों को स्वच्छ, फिल्टर्ड एवं स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित पानी मिल सके। साथ ही पानी को ठंडा बनाए रखने की भी उचित व्यवस्था की गई है, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को अधिकतम राहत मिल सके।

प्याऊ केंद्रों पर स्वच्छता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रत्येक केंद्र पर नियमित रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था की गई है तथा पानी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु क्लब के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सदस्य समय-समय पर इन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, जिससे सेवा कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।

गर्मी के इस मौसम में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं इन प्याऊ केंद्रों के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को राहत मिल रही है। विशेष रूप से दोपहर के समय इन स्थानों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है, जो इस पहल की सार्थकता और आवश्यकता को दर्शाती है। स्थानीय नागरिकों द्वारा भी इस सेवा कार्य की सराहना की जा रही है।

क्लब के अध्यक्ष संदीप असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी क्लब सदैव से मानव सेवा को सर्वोपरि मानता आया है। उन्होंने कहा कि 'जल सेवा ही जीवन सेवा है' और इसी भावना के साथ क्लब द्वारा हर वर्ष गर्मी के मौसम में प्याऊ स्थापना की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्य केवल सेवा नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन है।

कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से सहभागिता करते हुए व्यवस्था को सफल बनाया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संदीप असाटी, सचिव आशीष साहू, कोषाध्यक्ष राजेश गांधी, एवं डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम से क्लब मेंटर कमलजीत सिंघ छाबड़ा, प्रेसिडेंट-इलेक्ट अंकित अग्रवाल, क्लब ट्रेनर सीए बलजीत छाबड़ा सहित विक्रम भूते, गौरव कोचर, मुकुल राठौर, हरजीत पाल सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंघ छाबड़ा, नरेन्दर सिंघ छाबड़ा, सौरभ हरिनखेरे, डॉ. प्रदीप मेश्राम, असीम पाठक, लखविंदर सिंघ भंगल, धनेंद्र रहांगडाले, केशव परिहार, संजय बेदी, रवि सचदेव, संतोष नाहर, जयेश भाई परमार, बलविंदर पाल सिंह राजपूत, राहुल तुरकर, अशोक जैन, राजा सोनी, अरविंद अग्निहोत्री एवं राहुल जैन उपस्थित रहे।

क्लब सचिव आशीष साहू ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सुविधा का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें, पानी की अनावश्यक बर्बादी से बचें एवं प्याऊ केंद्रों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें, ताकि यह सेवा लंबे समय तक निरंतर चलती रहे और अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

अंत में क्लब के पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि भविष्य में भी रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा इसी प्रकार के जनहित एवं समाज सेवा से जुड़े कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

## बंगाल, असम, पांडिचेरी में भाजपा की जीत, मोदी-शाह की रणनीति की सफलता : राजेश पाठक

**नवभारत, बालाघाट।** जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश पाठक ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में मिली जीत प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री की कुशल राजनीतिक रणनीति, मजबूत नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों का प्रतिफल है।



राजेश पाठक ने कहा कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में पहली बार भाजपा का पूर्ण बहुमत की ओर बढ़ना या मजबूत स्थिति बनाना पार्टी के निरंतर परिश्रम और जनसमर्थन का स्पष्ट संकेत है। वहीं असम और पांडिचेरी में भाजपा की सत्ता में वापसी यह दर्शाती है कि जनता ने विकास, स्थिरता और सुशासन को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि इन परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही नीतियों और कार्यक्रमों पर भरोसा कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का मंत्र केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार की कार्यशैली का आधार बन चुका है। इसी नीति के कारण देश के विभिन्न वर्गों, क्षेत्रों और समुदायों में विश्वास का वातावरण बना है, जिसका परिणाम चुनावी सफलता के रूप में सामने आया है। पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं—जैसे गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार और आत्मनिर्भर भारत अभियान—का व्यापक प्रभाव जनता के जीवन पर पड़ा है।

राजेश पाठक ने भाजपा संगठन की भी सराहना करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक जाकर मेहनत की, जनता से संवाद स्थापित किया और सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मजबूत संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जो हर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाता है। कार्यकर्ताओं की समर्पण भावना और नेतृत्व के प्रति विश्वास ने पार्टी को इन राज्यों में सफलता दिलाई है।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दलों द्वारा फैलाए गए भ्रम और नकारात्मक राजनीति को जनता ने नकार दिया है। जनता अब भावनात्मक मुद्दों से आगे बढ़कर विकास, रोजगार और पारदर्शी शासन को महत्व दे रही है। यही कारण है कि भाजपा को लगातार समर्थन मिल रहा है और वह नए-नए क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत कर रही है।

अंत में राजेश पाठक ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी भाजपा इसी तरह जनसेवा और विकास के एजेंडे पर आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता की जीत है और यह देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।